कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

कमला कॉलेज राजनांदगांव, डॉ.राधाबाई कॉलेज, रायपुर एवं एस.बी.महिला कॉलेज हिम्मत नगर, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



राजनांदगांव : एक भारत श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ. राधा बाई नवीन शासकीय महाविद्यालय रायपुर एवं एस.बी. महिला महाविद्यालय, हिम्मत नगर गुजरात के संयुक्त रूप में पोस्टर प्रतियोगिता का अयोजन किया गया । पोस्टर प्रतियोगिता का विषय ‘‘भारत में पर्यटन सम्भावनाएं विशेषतः छत्तीसगढ़ एवं गुजरात के संदर्भ में’’ । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाईन पोस्टर भेजने का अंतिम तारीख 18 जून रात्रि 12:00 बजे का समय दिया गया था । इस प्रतियोगिता में तीनों महाविद्यालयों के 08 प्रतिभागियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण डॉ.अम्बरीश त्रिपाठी सहा.प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय मचान्दुर दुर्ग तथा डॉ.बसंत कुमार सोनबेर सहा. प्राध्यापक मनोविज्ञान शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव थे । निर्णायकों के निर्णय के अनुसार पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.स्नेहा वर्मा डॉ.राधा बाई नवीन





शास. महाविद्यालय रायपुर, द्वितीय स्थान कु.मंजू साहू शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव एवं तृतीय स्थान कु.ज्योति साहू शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्राओं ने प्राप्त किया ।

पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव एवं प्राचार्य डॉ.विनोद जोशी डॉ.राधा बाई नवीन शास. महाविद्यालय रायपुर, के मार्गदर्शन में किया गया । इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए डॉ.निशा बारले, डॉ.राधा बाई नवीन शास. महाविद्यालय रायपुर, प्रो.रोज खान मैडम, एस.बी. महिला महाविद्यालय, हिम्मत नगर गुजरात, डॉ.निवेदिता ए.लाल, डॉ.लाली शर्मा, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत के समन्वय प्रो.आलोक कुमार जोशी सहा.प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव का विशेष योगदान रहा ।